एक नजर में

बसंत पंचमी और होगा सरस्वती पूजन

कन्नौद। स्थानीय नगर में तालाब स्थित श्री बडकेश्वर महादेव मंदिर परिसर मे वसंत पंचमी के अवसर पर होगा मॉ सरस्वती पूजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वसंत पंचमी के पावन अवसर पर कन्नौद मे तालाब स्थित श्री बडकेश्वर महादेव मंदिर परिसर मे ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती देवी का पूजन विद्वान पंडितो के सानिध्य मे किया जाएगा। जिसमे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाज सेवी पत्रकार कवि साहित्य कार भी उपस्थित रहेगे ।

स्व . सुरेन्द्र उपाध्याय हुए नेत्रदान

सोनकच्छ । वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेशकी सोनकच्छ इकाई द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान प्रकल्प के प्रति नगर एवं आसपास में जनजागृति की लहर चल रही है और नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। 19.1.26 सोमवार को ब्राह्मण समाज के रोहित कुमार व संजय कुमार के पूज्य पिताजी नेत्रदानी स्व . सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय का असामायिक निधन हो गया। इस गहन दुख की घड़ी के बावजूद भी शोकाकुल परिजनों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की । नेत्रदान के लिए एम.के . इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर को खबर की ,वहां से सीनियर टेक्नीशियन निवेदिता गोयल ने आकर सफलता पूर्वक नेत्रदान संपन्न कराया। इस पुनीत कार्य के लिए उपाध्याय परिवार के शोकाकुल परिजनों को संस्था द्वारा आभार पत्र प्रदान किया। नेत्रदान संपन्न करवाने में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी , नेत्रदान प्रभारी हुकमचंद अग्रवाल का विशेष प्रयास एवं प्रकाशचंद्र बाकलीवाल , सतीशचंद्र तिवारी , तरुण सोखिया आदि उपस्थित रहे ।नेत्रदान के इस पुनीत कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है ,जिससे दो नेत्रहीन लोगों को ज्योति मिल सकेगी ।

विवेकानंद जी के विचारों को लेकर आगे बढ़े युवा

भौरासा। विवेकानंद युवा महामंडल मांगलिया इंदौर के तत्वाधान में 30 वां एक दिवसीय राज्य स्तरीय वार्षिक युवा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विवेकानन्द विद्यालय प्रांगण नराणा देवास में महामंडल अध्यक्ष आर . एस . भाटिया के सानिध्य में किया गया। जिसमें विभिन्न जिलों से आए 300 युवाओं ने सहभागिता दर्ज की। प्रसाद व्यास, राजू सैनी, आदि विषय विशेषज्ञों ने युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

गीताबाई के निधन पर श्रद्धांजलि दी

टोंक खुर्द। ग्राम कालू खेड़ी के राजेंद्र सिंह भाटी की पूजनीय माताजी एवं कुमेर सिंह की भाभी मां गीताबाई भाटी का निधन पर उनके निवास पहुंचे ।भाजपा विधि प्रकोष्ठ पूर्व जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया,टोंक खुर्द पेंशनर संघ पूर्व तहसील अध्यक्ष कमल सिंह टांक, टोंक खुर्द न्यायालय के एडीपीओ सी,एस,परमार,टोंक खुर्द वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा,पत्रकार विष्णु गालोदिया,एडवोकेट गौतम सिंह गालोदिया ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

कृष्णाबाई वर्मा का निधन

सोनकच्छ। पूर्व विधायक प्रतिनिधि कैलाशचंद्र, पूर्व सरपंच मूलचंद, शिक्षक सज्जनसिंह और कमल वर्मा की माताजी कृष्णाबाई का निधन हो गया है। उनके निधन पर पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा, दशरथसिंह बघेल, सचिन बघेल, सतीश उपाध्याय सहित कई भाजपा नेता व समाज जनो ने श्रद्धांजलि दी।

126 बच्चों ने लेण्डवा (रतनपुर) के जंगल का किया भ्रमण

बागली। पुंजापुरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत स्कूलीय विद्यार्थियों का अनोखा 'अनुभूति शिविर' आयोजित किया गया। इस शिविर में शासकीय हाई स्कूल रतनपुर, के 126 छात्र-छात्राओं और 4 शिक्षकों ने भाग लिया। रेंजर सत्येंद्रसिंह ठाकुर द्वारा अनुभूति कैंप का आयोजन पूर्णत: इको-फ्रेंडली किया, जिसमें पॉलीथिन या उससे बने उत्पादो का प्रयोग नहीं किया गया। विद्यार्थियों को कपड़े की टोपी, अनुभूति बुकलेट, पेन और किट वितरित की गई। शासकीय प्रेरक हरीश परमार,नंदकिशोर सालित्रा, संजीव कुमार टोटा, सुखलाल मंडलोई ने वृक्षों की आधारभूत जानकारी, उनकी उपयोगिता, वन्यप्राणियों के इकोसिस्टम में महत्व, मृदा संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने एवं अग्नि सुरक्षा के विषय में बताया। बीच-बीच में प्रेमानंद वर्मा वनरक्षक द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते-करते वन से संबंधित रोचक जानकारियां दी जानकारी दी। कार्यक्रम में उप वन मंडल अधिकारी बागली अंकित जामोद ने वन्यजीव संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और बच्चों से खुलकर संवाद किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम रतनपुर के सरपंच हरिहर मोगरे द्वारा बच्चों बहुत ही ज्ञानवर्धक बातें बताई उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में पेड़ों का महत्व ईश्वर से बढ़कर है हमारे यहां नदियों को माता वृक्षों को देवता मानते हैं, आजकल शहरों में ऋष्ट के जंगल खड़े हो रहे हैं किंतु हमारा यह सौभाग्य है कि हमारा क्षेत्र वनों से हरा भरा है, जिसकी हमें रक्षा करना है एवं वन महकमे को पूरा सहयोग का आश्वासन दिया गया। रतनपुर क्षेत्र की प्रथम महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मंदाकिनी मोगरे ने भी वनों का महत्व बताते हुए दिल्ली महानगर जैसे क्षेत्रों में हो रहे प्रदूषण के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए वनों की कमी से हो रहे दुष्परिणामों के बारे में बताया उन्होंने बताया है कि मुझे दिल्ली जैसे शहरो की बजाऐ गांव अच्छे लगते है जहां स्वच्छ वातावरण मिलता है। हाई स्कूल के प्राचार्य भारत भाटी द्वारा भी बच्चों को वनों के सुरक्षा के संबंध में कहीं ज्ञानवर्धक बातें बताई गई। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि विनोद द्विवेदी, पूर्व सरपंच बावड़ीखेड़ा,गणेश सेन सीतावन मंडल उपाध्यक्ष हरिसिंह कलम मंडल महामंत्री, राजेश देवड़ा पूर्व सरपंच रतनपुर, श्यामलाल पटेल समाजसेवी,सतीश अग्रवाल, कमल सेंधव प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र के समस्त स्टाफ ने विशेष रुचि लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

सरकारी अधिकारियों ने तो एक फ्लेक्स लगाकर कर दिए हाथ खड़े!

सहकारिता की आड़ में सिसकते सरकारी सिस्टम की दास्तान
बिना सहकार नही उद्धार के जुमले को कलंकित कर रहे हैं देवास में प्रभारी अधिकारी

(जितेन्द्र पुरोहित)

देवास। सहकारी संस्था समितियों का गठन ही इस उद्देश्य से किया गया था ताकि जरूरत मंदों की छोटी-छोटी बचत ही उन्हें आत्मनिर्भर बना सके लेकिन जब जमा पूंजी की सुरक्षा पर ही संदेह हो संस्था को पंजीकृत करने वाले ही यह कह दें कि संस्था में पूंजी निवेश अपने विवेक से करें तो स्वतह ही समझा जा सकता है कि सरकार और सरकार के अधिकारी कितनी जिम्मेदारी और जवाबदारी से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश सरकार के सहकारिता विभाग भोपाल के आयुक्त ने एक आदेश जारी किया है उक्त आदेश में वर्णित शब्दों का फ्लेक्स निकलवा कर प्रभारी उपायुक्त सहकारिता देवास ने कार्यालय पर लगवा कर विभागीय आदेश का पालन तो कर लिया लेकिन छोटी मोटी बचत कर धनराशि जोड़ने वालों को रजिस्ट्रार सहकारिता मध्यप्रदेश इन जमा राशियों के लिये कोई गारंटी प्रदान नही करता है। प्रभारी उप आयुक्त सहकारिता देवास ने इस फ्लेक्स के जरिए देवास जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी राशि का विनियोजन शहरी साख सहकारी संस्थाओं में सोंच समझ कर करें ।

मतलब साफ यह की कोई भी संस्था चले जब तक तो ठीक नही तो विभाग ने डेढ़ सौ रुपए का फ्लेक्स टांग कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर ही ली है। देवास शहर सहित जिलेभर में अनगिनत मामले आज भी फाइलों में दफन हैं जो चीख चीख कर घपले, घोटालों, अनियमितता और अड़ियल रवैए की बानगी बयां कर रहे हैं। देवास जिले में लगभग एक सो चौबीस सहकारी समितियां हैं जिनमें अधिकांश संस्थाओं में अध्यक्ष नही होने से आडिटर ही प्रशासक की भूमिका निभा रहे हैं। अधिकांश संस्थाओं में वित्तीय अनियमितताएं है लेकिन दोषी संस्था सहायक सचिव ही बनते आ रहे हैं जबकि तमाम संस्थाओं को आडिटर अपने हिसाब से ही चला रहे हैं। देवास जिले का सबसे बड़ा दूर्भाग्य यहा है कि सबसे अहम और सरकार से वित्तपोषित बड़ी संस्थाओं को प्रभारी अधिकारी कर्मचारियों के भरोसे छोड़ रखा है। ऐसे में इन जिम्मेदारों की कार्यगुजारी परत-दर-परत सवालों के घेरे में आती जा रही है जो की आम नागरिकों के लिए सिर्फ और सिर्फ परेशानियों का सबब बनती जा रही हैं।

मंदिर जा रही महिला से चेन स्नेचिंग



विश्राम बाग में बाइक सवार बदमाशों ने वारदात की
सीसीटीवी में दिखे संदिग्ध

देवास। पूजा करने मंदिर जा रही एक महिला के गले से बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली। यह घटना बीएनपी थाना क्षेत्र के विश्राम बाग, राधागंज में हुई। जानकारी के अनुसार, विश्राम बाग निवासी उषा नोरंगे अपने घर के पास स्थित मंदिर में पूजा करने जा रही थीं। जैसे ही वह मंदिर के करीब पहुंचीं, पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया। दोनों युवकों ने तेजी से महिला के गले से चेन खींची और मौके से फरार हो गए। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी इतनी तेजी से भागे कि उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। घटना के बाद महिला ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि महिला के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात हुई है। पुलिस फुटेज तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आनंद उत्सव के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए पारंपरिक खेलकूद कार्यक्रम आयोजित

देवास। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश अनुसार आनंद उत्सव के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए पारंपरिक खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है।

नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर द्वारा बताया गया कि आनंद उत्सव वर्ष 2026 के आयोजनों में मुख्य रूप से पारंपरिक खेल शामिल किए गए है जैसे कबड्डी खो-खो, रस्साकशी, झूला, मटका फोड़ और नींबू चम्मच दौड़, कुश्ती, संगीत, कुर्सी आदि आयोजित किए जा रहे है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों को उनके कार्य से कुछ समय का ब्रेक देना व दैनिक जीवन शैली में आनंद की अनुभूति करवाना है।

दिनदहाड़े 6 लाख की चोरी, बैंक से पीछा कर वारदात को दिया अंजाम

मकान निर्माण के लिए दो अलग-अलग बैंकों से रकम निकालकर लाए थे

देवास। सुभाष चौक में सोमवार को एक दुकान के बाहर खड़ी एक्टिवा गाड़ी से छह लाख रुपए चोरी हो गए। महेश दास बैरागी नामक व्यक्ति ने अपनी स्कूटी की डिग्गी में यह राशि रखी थी, जिसे अज्ञात चोरों ने निकाल लिया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महेश दास बैरागी ने पुलिस को बताया कि वह अल्केश्वरी माता मंदिर में पूजन-पाठ का काम करते हैं। उन्होंने अनुकूल नगर में एक मकान खरीदा था, जिसके लिए उन्हें बयाना राशि देनी थी। इसी उद्देश्य से उन्होंने यह रकम निकाली थी। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

स्कूटी की डिग्गी में रखे थे रुपए

बैरागी ने पहले यूनियन बैंक, स्टेशन रोड, देवास से दो लाख अस्सी हजार रुपए नकद निकाले। इसके बाद वे समता सहकारी बैंक, अलंकार मार्केट पहुंचे, जहां उन्होंने दीपक स्वामी के चेक के माध्यम से तीन लाख बीस हजार रुपए नकद प्राप्त किए। कुल छह लाख रुपए उन्होंने अपनी स्कूटी की डिग्गी में रख दिए थे। पैसे रखने के बाद, महेश दास बैरागी सुभाष चौक स्थित एक दुकान से कुछ सामान खरीदने गए। उन्होंने अपनी स्कूटी दुकान के सामने खड़ी कर दी थी। जब वे घर पहुंचे और स्कूटी की डिग्गी जांची, तो उसमें रखे बैग और रुपए गायब मिले।

वन्देमातरम राष्ट्रगीत की 150 वीं वर्षगांठ पर महाविद्यालय में दिया प्रशिक्षण

देवास। आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,भोपाल मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय श्रीकृष्णजी राव पवार स्नातकोत्तर महविद्यालय,देवास में दिनांक 19-01-2026 को राष्ट्रगीत वन्देमातरम की 150 वीं वर्षगांठ अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों हेतु द्वितीय चरण के प्रशिक्षण सत्र का आयोजन आई.क्यू.ए.सी सेल एवं प्राचार्य द्वारा गठित समिति के तत्वाधान में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी.एस राणा की अध्यक्षता और डॉ.रतन सिंह अनारे की विशेष उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सर्वप्रथम डॉ.एस.पी.एस राणा द्वारा प्रशिक्षण कार्य का उदेश्य बताते हुए वन्दे मातरम के ऐतिहासिक और संस्कृतिक महत्व को समझाया और साथ ही राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व निर्वहन हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

प्रशिक्षण के अगले चरण में डॉ. रजत राठौर द्वारा वन्देमातरम राष्ट्रगीत के सृजन, गायन और राष्ट्रीय महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई तत्पश्चात डॉ.आराधना डीकुना द्वारा विद्यार्थियों को सस्वर वन्देमातरम राष्ट्रगीत गाया गया और उसके बाद ने पूर्ण उत्साह से राष्ट्रगान भी गाया। राष्ट्र भाव के साथ महाविद्यालय के परिसर में एक स्वर में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के गायन से समूचा वातावरण राष्ट्रमयी हो गया। इस प्रशिक्षण कार्य का संयोजन डॉ. रेखा कौशल, सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग द्वारा किया गया एवं सहसंयोजक डॉ.ममता लावरे रहीं। प्रशिक्षक के रूप में डॉ.आराधना डीकुना और आयोजन सहयोगी के रूप में डॉ. भारती वास्केल, डॉ.रजत राठौर, जितेंद्रसिंह राजपूत उपस्थित रहे।

डॉ.सीमा सोनी, डॉ.संजय सिंह बरोनिया,डॉ.मनोज मालवीय, डॉ.ललिता गौरे, डॉ.लीना दुबे, अरुण खुशवंशी द्वारा आयोजन व्यवस्था में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी इस प्रशिक्षण में सम्मिलित रहे। संयोजक डॉ.रेखा कौशल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने हेतु समस्त उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शा .प्रा .विद्यालय को कम्प्यूटर सेट भेंट

पिपलरावा। शा.प्रा.विद्यालय सुरजना के पूर्व छात्र लोकेश चौहान पिता जयसिह चौहान (तहसीलदार) ने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने ग्राम सुरजना के विद्यालय से प्राप्त की अपने कक्षा 5 वी सन 2004 में उतीर्ण की ,वर्तमान में लोकेश भोपाल में कार्यरत हैं । ग्राम सुरजना के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय को एक एक कम्प्यूटर सेट प्रदान किये ।आज वर्तमान समय मे कम्प्यूटर की शिक्षा भी छात्र छात्राओं को मिल सके। जिससे उनको आगे की शिक्षा में सफलता प्राप्त हो। अपने पिता जयसिंह चौहान,हेमराज मालवीय, जिनेन्द्र मालवीय,भादर सिंग सेंधव,गजराज सेंधव,सुरेंद्र सेंधव , नरेन्द्र सेंधव , सुरजसिंग सेंधव, रविन्द्र मालवीय,दिलीप सिंह धाकड़ शिक्षक पिरपालड़िया, प्रधानाध्यापक राधेश्याम धाकड़, शिक्षक अम्बाराम पाटीदार, शिक्षक कैलाशचंद्र वर्मा, शिक्षिका श्रीमति ममता नागर, राहुल पांचाल, चिन्तेश नागर(प्राचार्य स.शि.म.पीपलरावा) सचिन सिंधल, अनिल मालवीय की उपस्थिति में दिनों संस्था प्रधानों को कम्प्यूटर सेट भेट किये। संस्था प्रधान राधेश्याम धाकड़ ने सभी का आभार माना।।

6 प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे प्रतिभागी

विधायक, एसडीएम व जपं सीईओ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया

सोनकच्छ। नगर के उत्कृष्ट विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में क्षेत्र के बड़ी संख्या में खिलाडी शामिल हुए। यहां पर दोपहर 1 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। आयोजन में मुख्य रूप से विधायक राजेश सोनकर, एसडीएम प्रिया चंद्रावत, जपं सीईओ गीतिका सोनी सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। महोत्सव में कबड्डी, खोखो, रस्साकशी, एथेलेटिक्स आदि प्रतियोगिता शामिल थी। इस आयोजन कुल 6 प्रतियोगिता शामिल की गई थी। विधायक, एसडीएम, जपं सीईओ आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बालक फुटबाल में प्रथम सोनकच्छ क्लब बी, द्वितीय सोनकच्छ क्लब ए, तृतीय आरएफसी टोंकखुर्द। बालिका फुटबाल में प्रथम सोनकच्छ, द्वितीय टोंकखुर्द क्लब, तृतीय एसएफसी। बालक कबड्डी में प्रथम कलमा वंडर्स, द्वितीय देवशक्ति देवगुराड़िया, तृतीय जगदंब नांदेल। बालिका कबड्डी में प्रथम शा.हा स्कूल बीसाखेड़ी , द्वितीय सरस्वती शिशु मंदिर भौंरासा, तृतीय शा.मा. विद्यालय तालोद, बालक खो-खो में प्रथम टीएफसी टोंकखुर्द, द्वितीय देवली, तृतीय वर्टेक्स टोंकखुर्द। बालिका खोखो में प्रथम वर्टेक्स टोंकखुर्द, द्वितीय, जिनवानी स्कूल पुष्पगिरी, तृतीय शाबामा पीपलरावां। बालक रस्साकशी में प्रथम शाउमावि गंधर्वपुरी, द्वितीय गोकुल ग्राम देवली तृतीय स्पाटर्न सोनकच्छ। बालिका रस्साकशी में प्रथम शा कन्या मा सोनकच्छ , द्वितीय शा उत्कृष्ट विद्यालय सोनकच्छ, तृतीय शाउमावि पीपलरावां, बालक वालीवाल में प्रथम आनंद क्लब सोनकच्छ बी, द्वितीय, आनंद क्लब सोनकच्छ सी, तृतीय आनंद क्लब सोनकच्छ ए। बालिका वालीवाल में प्रथम आनंद क्लब सोनकच्छ, द्वितीय एसएफसी, तृतीय वर्टेक्स टोंकखुर्द, बालक दौड़ 100 मी में प्रथम रेगन निनामा , द्वितीय रोहित नागर, तृतीय गौरव मंडलोई, बालिका दौड़ 100 मी में प्रथम नेहा जागीरदार, द्वितीय मोना सेंधव, तृतीय वेदिका पटेल, बालक दौड़ 200 मी में प्रथम रोहित नागर , द्वितीय विशाल प्रजापत, तृतीय विशाल सेंधव, बालिका दौड़ 200 मी में प्रथम स्नेहा यादव , द्वितीय स्नेहा प्रजापति, तृतीय सीमा वर्मा विजेता रहीं। अंत में विधायक सोनकर ने सभी को पुरुस्कृत किया।

एक नजर ठेकेदार भी आधे से कम राशि लगाकर अच्छा माल कमा रहे हैं

श्रीकृष्ण- अर्जुन संबंधी संवाद संगोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन

देवास। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार बलराम जयंती 14 अगस्त एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजी राव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में आइ-क्यू-एसी- एवं प्राचार्य महोदय द्वारा गठित समिति के तत्वावधान में 19 जनवरी 2026 को माह दिसंबर एवं माह जनवरी के लिए निर्धारित गतिविधि श्री कृष्ण अर्जुन संबंधी संवाद संगोष्ठी एवं श्री कृष्ण चरित्र पर व्याख्यान का आयोजन रखा गया। प्राचार्य डॉ. एसपीएस राणा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ संजय सिंह बरौनिया, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ.प्रीति मालवीय, डॉ. संदीप सिंह नागर, एवं डॉ लीना दुबे ने मंच साझा किया। भारतीय संस्कृति के अनुरूप मंचासीन प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। श्री कृष्ण अर्जुन संबंधी संवाद संगोष्ठी एवं श्री कृष्ण के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता डॉ संदीप सिंह नागर सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र ने अपने वक्तव्य में भगवान श्री कृष्ण के मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के द्वारा स्थापित आदर्शों के साथ-साथ शक्ति एवं कूटनीति द्वारा समाज एवं धर्म की सदैव रक्षा करने वाले स्वरूप को सदन में रखा और श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना मुस्कुराहट के साथ करने की सीख दी । संगोष्ठी एवं व्याख्यान के विषय विशेष पर प्रकाश डालते हुए डॉ लीना दुबे ने महाभारत युद्ध के दौरान निराशा में डूबे अर्जुन के मन में आशा का संचार करने के उद्देश्य से श्रीमुख से कही गई गीता के 18 अध्याय की विद्यार्थी जीवन में प्रासंगिकता पर उदबोधन दिया और साथ ही श्रीकृष्ण के चरित्र से नेतृत्व के गुण को सीखने और व्यवहारिक जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर डॉ. विद्या माहेश्वरी डॉ. ममता झाला डॉ. सत्यम सोनी, डॉ. आराधना डिकुना, डॉ. माया ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति के साथ ही विद्यार्थियों की अनुशासनबद्ध उपस्थिति रही और ज्ञान लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संजय सिंह बरौनिया ने किया एवं आभार डॉ ममता झाला ने व्यक्त किया।